केंद्रीय विद्यालय संगठन, लखनऊ संभाग

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, LUCKNOW REGION

प्री - बोर्ड परीक्षा, 2025 PRE-BOARD EXAMINATION,2025

कक्षा – X CLASS -X

सामाजिक विज्ञान (कोड नं. 087) SOCIAL SCIENCE (Code No. 087)

निर्धारित समय – 3 घंटे **(Time allowed: 3 Hours)** अधिकतम पूर्णांक – 80

(Maximum Marks: 80)

सामान्य निर्देश :

1. प्रश्न पत्र में 38 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न पत्र में चार खंड हैं - A- इतिहास, B- भूगोल, C- राजनीति विज्ञान और D-अर्थशास्त्र।
3. प्रत्येक खंड 20 अंकों का है और इसमें MCQ, VSA, SA, LA और CBQ हैं।
4. अति लघु उत्तरीय प्रश्न (VSA), प्रत्येक 2 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
5. लघु उत्तरीय प्रश्न (SA), प्रत्येक 3 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
6. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (LA), प्रत्येक 5 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
7. केस आधारित प्रश्न (CBQ) हैं जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं और प्रत्येक 4 अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
8. मानचित्र-आधारित प्रश्न 5 अंकों के हैं और दो भागों में विभाजित हैं - प्रश्न 10. खंड A में - इतिहास (2 अंक) और प्रश्न 18. खंड B में - भूगोल (3 अंक)
9. प्रश्न पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। हालाँकि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में से केवल एक विकल्प का ही प्रयास करना होगा।
10. इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृश्य इनपुट, मानचित्र आदि वाले प्रश्नों के स्थान पर दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए एक अलग प्रश्न दिया गया है। ऐसे प्रश्न केवल दृष्टिबाधित उम्मीदवारों द्वारा ही हल किए जाने हैं।

General Instructions:

1. There are 38 questions in the Question paper. All questions are compulsory.
2. The question paper has Four Sections – A-History, B-Geography C- Political Science, and D Economics.
3. Each Section is of 20 Marks and has MCQs, VSA, SA, LAs and CBQ.
4. Very Short Answer Type Questions (VSA), carry 2 marks each. Answers to each question should not exceed 40 words.
5. Short Answer Type Questions (SA), carry 3 marks each. Answers to each question should not exceed 60 words.
6. Long answer type questions (LA), carry 5 marks each. Answers to each question should not exceed 120 words.
7. There are case based questions (CBQ) with three sub questions and are of 4 marks each. Answers to each question should not exceed 100 words.
8. The map-based questions, carry 5 marks with two parts- Q10. In Section A-History (2 marks) and

Q18. In Section B -Geography (3 marks)

9. There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions must be attempted.

10. In addition to this, **NOTE** that a separate question has been provided for **Visually Impaired candidates** in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.

SECTION –A

Sr. No. **HISTORY (20 Marks)** **Marks**

1. उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में यूरोप में “उदारवाद” (Liberalism) शब्द का अर्थ था – 1

a) व्यक्ति की स्वतंत्रता और कानून के समक्ष समानता b) अभिजात वर्ग का अंत

c) गुप्त संगठनों का गठन d) सार्वभौमिक मताधिकार

1. The term liberalism in the early 19th century in Europe stood for: 1

a) Freedom for individual and equality before law. b) End of aristocracy.

c) Formation of secret societies. d) Universal suffrage.

2. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान “सामूहिक एकता की भावना” (Sense of Collective Belonging) को किसने सबसे अधिक बल दिया? 1

a) समान क्षेत्रीय संस्कृति b) भारत माता जैसे प्रतीकों और इतिहास की पुनर्व्याख्या द्वारा

c) ब्रिटिशों पर सैन्य विजय d) समान भाषा और लिपि

2.Which of the following best explains the “sense of collective belonging” among Indians during the freedom struggle? 1

a) Common regional culture b) Symbols like Bharat Mata and reinterpretation of history

c) Military victories over the British d) Common language and script.

3. स्तंभ(A)का मिलान स्तंभ(B) से कीजिए/ नेताओं को उनके प्रभाव क्षेत्र से मिलान कीजिए और निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए: 1

कॉलम **A (नेता)**	कॉलम **B (क्षेत्र)**
A. बाबा रामचंद्र	1. पंजाब
B. अल्लूरी सीताराम राजू	2. आंध्र प्रदेश
C. सी.आर. दास	3.अवध
D. लाला लाजपत राय	4.बंगाल

विकल्प:

a) A-3,B-2,C-1,D-4 b) A-4,B-1,C-3,D-2

c)A-2,B-3,C-4,D-1 d) A-3, B-2, C-4,D-1

3. Match the column-A with column B leaders with their respective regions of influence and choose the correct option from the following: 1

Column A (Leader)	Column B (Region)
A. Baba Ramchandra	1. Punjab
B. Alluri Sitarama Raju	2. Andhra Pradesh
C. C.R. Das	3. Awadh
D. Lala Lajpat Rai	4. Bengal

Options:

a) A–3, B–2, C–1, D–4 b) A–4, B–1, C–3, D–2

c) A–2, B–3, C–4, D–1 d) A–3, B–2, C–4, D–1

4. नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

1

अभिकथन (A) : मुद्रण संस्कृति ने भारत में नई जनमत (Public Opinion) उत्पन्न की।

कारण (R): समाचारपत्रों और पैम्फलेटों ने लोगों में जागरूकता फैलायी।

a) दोनों सही हैं और R, A की व्याख्या करता है b) दोनों सही, पर R, A की व्याख्या नहीं करता

c) A सही, R गलत d) दोनों गलत

4.Two statement are given below. They are Assertion (A) and Reason (R) .Read both the statements carefully and choose the correct option. 1

Assertion (A): Print culture created a new public opinion in India.

Reason (R): Newspapers and pamphlets spread awareness among people.

a) Both A and R true, R explains A b) Both true, R doesn't explain A

c) A true, R false d) Both false

5. निम्नलिखित में से किसके कारण प्राचीन विश्व में दूरस्थ स्थानों का आपस में संपर्क स्थापित हुआ? 1

a) मशीनों का विकास b) इंटरनेट की खोज

c) लंबी दूरी के व्यापार मार्ग d) औद्योगिक क्रांति

5. Which of the following led to interconnection of distant places in the ancient world?

1

a) Development of machines b) Discovery of the internet

c) Long-distance trade routes d) Industrial Revolution

6. (a) भारत में राष्ट्रवाद एक समान नहीं था। समझाइए कि किसानों, जनजातीयों, औद्योगिक मजदूरों और महिलाओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में किस प्रकार अलग-अलग रूप से भाग लिया। 2

अथवा

(b) साइमन कमीशन क्या था? भारतीयों ने इसका बहिष्कार क्यों किया? इसने पूर्ण स्वराज की माँग को कैसे जन्म दिया? 2

6.(a)Nationalism in India was not uniform. Describe how peasants, tribals, industrial workers, and women participated differently in the nationalist movement. 2

OR

(b)What was the Simon Commission? Why was it boycotted by Indians? How did it lead to the demand for Purna Swaraj?

7. (a) स्पष्ट कीजिए कि नई प्रौद्योगिकियों, परिवहन और संचार के साधनों ने वैश्विक बाज़ारों के विस्तार और देशों के बीच आपसी निर्भरता को कैसे बढ़ाया। 3

अथवा

(b) "विजय, बीमारियों और व्यापार ने पूर्व-आधुनिक विश्व को बदल दिया।" इस कथन को उदाहरणों सहित समझाइए और बताइए कि अमेरिका पर यूरोपीय विजय में बीमारियों ने किस प्रकार प्रमुख भूमिका निभाई। 3

7.(a)Describe the role of new technologies, means of transport and communication in the expansion of global markets ,creating a more connected and interdependent world. 3

OR

(b) "Conquest, diseases, and trade transformed the pre-modern world." Explain this statement with examples and how diseases played a major role in the European conquest of the Americas. 3

8. "मुद्रण प्रेस (Printing Press) ने भारतीय समाज और धार्मिक सुधार आंदोलनों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।" इस कथन के समर्थन में मुद्रण संस्कृति के तीन प्रभावों का विश्लेषण कीजिए। 3

8."Printing press played a major role in shaping the Indian society and religious reforms movement ". Analyse any three impacts of print culture in the support of the given statement. 3

9. (a) फ्रांसीसी क्रांति (French Revolution) ने यूरोप में स्वतंत्रता, समानता और भ्रातृत्व की भावना फैलायी। विश्लेषण कीजिए कि इन क्रांतिकारी विचारों ने उन्नीसवीं सदी के दौरान यूरोप में राजनीतिक परिवर्तनों को कैसे प्रभावित किया। 5

अथवा

(b) "रोमांटिक कल्पना (Romantic Imagination) ने यूरोप में राष्ट्रवाद के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।" कला, साहित्य या संगीत के उदाहरणों सहित इस कथन का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए। 5

9. (a)The French Revolution inspired people across Europe to fight for liberty, equality, and fraternity. Analyse how these revolutionary ideas influenced political changes in Europe during the 19th century. 5

OR

(b) "The romantic imagination played a key role in shaping nationalism in Europe." 5
Critically evaluate this statement with examples from art, literature, or music. 5

10. भारत के राजनैतिक मानचित्र पर दो स्थान 'A' और 'B' अंकित हैं।
निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानकर सही नाम लिखिए –
A. वह स्थान जहाँ दिसंबर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था। (1 अंक)
B. वह स्थान जो नील किसानों के आंदोलन (Indigo Planters' Movement) से संबंधित है। (1 अंक)

नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए प्रश्न संख्या **10** के स्थान पर हैं।

10. (A) दिसंबर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन किस स्थान पर हुआ था? 1

(B) नील किसानों का आंदोलन किस स्थान से संबंधित था? 1

10.Two places 'A' and 'B' have been marked on the given political outline map of India. Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them:

A. The place where the session of Indian National Congress was held in December, 1920 . 1

B. The place associated with Indigo planters movement. 1

Note: The following questions are for Visually impaired candidates only in lieu of Question No.10.

10. A)Name the place where the session of Indian National Congress was held in December ,1920 . 1

(B) Name the place associated with Indigo planters movement. 1

SECTION –B

Sr. No. GEOGRAPHY (20 Marks) Marks

11. भारत में कृषि चुनौतियों से संबंधित कौन-सा कथन सही है? 1

a) रासायनिक खादों का अधिक प्रयोग मिट्टी पर कोई प्रभाव नहीं डालता

b) भूमि के टुकड़ों का छोटा होना उत्पादकता घटाता है

c) सिंचाई हर किसान तक पहुँच चुकी है

d) कृषि उत्पादन पूरी तरह मशीनीकृत है

11.Which of the following statements about agricultural challenges in India is true? 1

a) Overuse of chemical fertilizers has no impact on soil

b) Fragmentation of land holdings has reduced productivity

c) Irrigation has reached every farmer in India

d) Agricultural output is fully mechanized

12. नदियों पर बाँध निर्माण से प्रायः क्या परिणाम हुआ है — 1

a) सभी राज्यों में समान जल वितरण b) हर क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण

c) पर्यावरणीय असंतुलन और विस्थापन d) केवल भूजल में वृद्धि

12.The construction of dams on rivers has often led to — 1

a) Equitable distribution of water among all states b) Complete flood control in all regions

c) Environmental imbalance and displacement of people d) Increased groundwater recharge only

13. 1992 के रियो डी जेनेरो पृथ्वी सम्मेलन (Earth Summit) का मुख्य उद्देश्य था — 1

a) राष्ट्रों के बीच व्यापार बढ़ाना b) समृद्ध देशों का औद्योगिक विकास

c) महासागरीय संसाधनों का दोहन d) सतत विकास और संसाधन संरक्षण हेतु वैश्विक सहयोग

13.The Rio de Janeiro Earth Summit of 1992 emphasized —. 1

a) Increasing trade among nations

b) Industrial development for rich nations

c) Exploiting ocean resources

d) Global cooperation for sustainable development and resource conservation

14. भारत में संसाधन नियोजन (Resource Planning) आवश्यक क्यों है? कोई तीन कारण स्पष्ट कीजिए। 2

14.Explain any three reasons why is resource planning essential in India? 2

15. मान लीजिए कि आप अपने आसपास के खेतों में जैविक खेती (Organic Farming) को बढ़ावा देने की परियोजना की योजना बना रहे हैं। तीन ऐसे उपाय सुझाइए जिनसे किसान बिना रासायनिक खादों के मिट्टी की उर्वरता बनाए रख सकें। 3

15. Suppose you planning a project work to promote organic farming in nearby locality farms . Suggest three methods that farmers can use to maintain soil fertility without chemical fertilizers. 3

16. (a) यह समझाइए कि लोहा-इस्पात उद्योग आधुनिक औद्योगिक विकास की रीढ़ क्यों कहलाता है। भारत में प्रमुख लौह-इस्पात संयंत्रों के नाम बताइए। 5

अथवा

(b) उद्योगों के आधुनिकीकरण (Modernisation) का क्या महत्त्व है? यह उत्पादकता बढ़ाने में कैसे सहायक होता है, समझाइए। 5

16. (a) Explain why the iron and steel industry is considered a backbone of modern industrial development. Mention the major iron and steel plants in India. 5

OR

(b).Explain the importance of modernization in industries. How does it help in increasing productivity? 5

(गद्यांश / स्रोत-आधारित प्रश्न) (Case Study/ Source Based Questions)

17. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(खनिज और ऊर्जा संसाधन)

खनिज अविनाशी संसाधन हैं, इसलिए इनका संरक्षण और संतुलित उपयोग भावी पीढ़ियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। अत्यधिक दोहन से जैव विविधता की हानि और मृदा क्षरण होता है। इसलिए जिम्मेदार खनन और सतत संसाधन उपयोग यह सुनिश्चित करते हैं कि भारत की आर्थिक वृद्धि पर्यावरण को क्षति पहुँचाए बिना जारी रहे। भारत में खनिज संसाधनों की विविधता बहुत अधिक है, किंतु उनका वितरण असमान है। झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में लौह अयस्क, कोयला और बॉक्साइट पाए जाते हैं; राजस्थान ताँबा और जस्ता जैसे अशुद्ध धात्विक (Non-Ferrous) खनिजों के लिए प्रसिद्ध है। उत्तर-पूर्वी राज्यों में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस के भंडार हैं। खनिज मूल्यवान हैं क्योंकि वे औद्योगिक विकास की रीढ़ हैं — लोहा-इस्पात, सीमेंट और रासायनिक उद्योग इन पर निर्भर हैं,परंतु अत्यधिक खनन से वनों की कटाई, मृदा अपरदन और प्रदूषण जैसी पर्यावरणीय समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। सतत विकास के लिए उन्नत तकनीक, धातुओं का पुनर्चक्रण (Recycling) और अपशिष्ट प्रबंधन आवश्यक है।भारत सौर, पवन और जल-विद्युत जैसी नवीकरणीय ऊर्जा की ओर भी बढ़ रहा है ताकि जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता घटे और पर्यावरण की रक्षा हो।

प्रश्न:

17.1 खनिजों को औद्योगिक विकास की रीढ़ क्यों कहा जाता है?
(1 अंक)

17.2 अत्यधिक खनन से कौन-कौन सी पर्यावरणीय समस्याएँ उत्पन्न होती हैं?
(2 अंक)

17.3 खनिज और ऊर्जा संसाधनों के संरक्षण हेतु कोई दो सतत उपाय सुझाइए।
(1 अंक)

17.**Read the following source and answer the questions that follow :**

Minerals and energy resources

Minerals are exhaustible resources so conservation of minerals and judicious use of minerals are vital for future generation.Over extraction leads to loss of biodiversity and soil degradation. Hence, responsible mining practices and sustainable use of resources are vital to ensure that minerals continue to support India's growth without herming the environment.

India is endowed with a rich variety of mineral resources. Minerals are unevenly distributed across the country. While Jharkhand, Odisha, and Chhattisgarh are rich in iron ore, coal, and bauxite, Rajasthan is known for non-ferrous minerals like copper and zinc. The North-Eastern states have deposits of petroleum and natural gas. Minerals are valuable because they form the backbone of industrial development. Iron and steel, cement, and chemical industries depend heavily on mineral resources. However, excessive mining causes environmental damage such as deforestation, soil erosion, and pollution. To ensure sustainable development, it is necessary to adopt measures like improved technology, recycling of metals, and proper waste management. India also aims to shift towards renewable energy sources like solar, wind, and hydropower to reduce dependency on fossil fuels and protect the environment. Conservation and judicious use of mineral and energy resources are essential for long-term economic growth and ecological balance.

17.1 Why are minerals considered the backbone of industrial development? 1

17.2 Mention environmental problems caused by excessive mining. 2

17.3 Suggest any two sustainable measure to conserve mineral and energy resource. 1

(मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न)

(Map Skill Based Questions)

18. उसी मानचित्र पर निम्न में से किसी तीन स्थानों को उचित प्रतीकों सहित स्थित एवं अंकित कीजिए — (1x3=3)

(i) तूतीकोरिन बंदरगाह

(ii) कुद्रेमुख लौह अयस्क खदान

(iii) मीनामबक्कम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

(iv) सरदार सरोवर बाँध

(v) राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए प्रश्न संख्या **18** के स्थान पर हैं।**(**कोई तीन प्रश्न कीजिए**)**

(i) तूतीकोरिन बंदरगाह किस राज्य में स्थित है?

(ii) कुद्रेमुख लौह अयस्क खदान किस राज्य में है?

(iii) मीनामबक्कम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा किस राज्य में स्थित है?

(iv) सरदार सरोवर बाँध किस राज्य में है?

(v) राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा किस राज्य में है?

18. On the same outline map of India locate and label any three of the following with suitable symbols: (1x3=3)

(i) Tuticorin Seaport 1

(ii) Kudremukh Iron ore mines. 1

(iii) Meenam Bakkam International Airport 1

(iv) Sardar Sarovar dam 1

(v) Rajiv Gandhi International Airport 1

Note:The following questions are for Visually impaired candidates only in lieu of Question No.18 (Attempt any three). (1x3=3)

18. (b) (i)Name the state where Tuticorin Seaport is located. 1

(ii)Name the state where Kudremukh Iron ore mines is located. 1

(iii) Name the state where Meenam Bakkam International Airport is located 1

(iv) Name the state where Sardar Sarovar dam is located . 1

(v)Name the state where Rajiv Gandhi International Airport is located 1

SECTION –C

Sr. No. POLITICAL SCIENCE (20 Marks) Marks

19. शक्ति-साझेदारी (Power Sharing) की अवधारणा का सही अर्थ कौन-सा है? 1

a) यह केवल शासन अंगों तक सीमित है

b) यह लोकतंत्र को कमजोर करती है।

c)यह शक्ति को एक ही हाथ में केंद्रित होने से रोकती है और विभिन्न स्तरों में बाँटती है।

d) सभी शक्तियाँ प्रधानमंत्री को देना।

19.Which of the following statements correctly explains the concept of power sharing? 1

a) Power sharing is limited to government organs only

b)It weakens democracy

c) It ensures that power is not concentrated in one hand and is distributed among various levels and groups

d) It refers to giving all powers to the Prime Minister

20. 73वें और 74वें संविधान संशोधन ने भारतीय संघवाद को कैसे सशक्त किया? 1

a) स्थानीय निकायों को समाप्त किया

b) तीसरा स्तर – पंचायतें और नगरपालिकाएँ जोड़ी गईं ।

c) राज्यों की स्वायत्तता घटाई।

d) वित्तीय शक्तियाँ केंद्रित कीं।

20.The 73rd and 74th Amendments strengthened Indian federalism by- 1

a) Abolishing local governments

b) Adding a third tier – Panchayats and Municipalities

c) Removing states' autonomy

d) Centralizing financial powers

21. समाज में लैंगिक विभाजन (Gender Division) का सही अर्थ क्या है? 1

a) पुरुष और महिला के जैविक अंतर

b) दोनों का समान राजनीतिक भागीदारी

c) महिलाओं की शिक्षा पर धार्मिक प्रतिबंध

d)समाज द्वारा पुरुषों और महिलाओं को दिए गए असमान सामाजिक भूमिकाएँ

21.Which of the following is the most accurate explanation of gender division in society? 1

a) Biological differences between men and women

b) Equal political participation of both genders

c) Religious restrictions on women's education.

d)Unequal social roles and expectations assigned by society to men and women

22. निर्वाचन आयोग किसी राजनीतिक दल को राष्ट्रीय पार्टी कब मानता है? 1

a) यदि उसे चार या अधिक राज्यों में 6% मत और कम से कम 4 लोकसभा सीटें मिलें

b) यदि वह किसी एक राज्य में बहुमत पाए

c) यदि उसके 500 सदस्य हों

d) यदि वह 20 वर्ष पुरानी हो

22.What does the Election Commission consider while recognizing a political party as a national party? 1

a) It must secure at least 6% of votes in four or more states and win 4 Lok Sabha seats

b) It must win majority seats in one state

c) It must have at least 500 members

d) It must be 20 years old.

23. दलों को उनके प्रमुख विचारधारा/आधार से मिलाइए : 1

दल	विचारधारा / आधार
A. भाजपा	1. सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय एकता
B. कांग्रेस	2. धर्मनिरपेक्षता और सर्वसमाज कल्याण
C. भाकपा (मार्क्सवादी)	3. मार्क्सवाद और श्रमिक अधिकार
D. बसपा	4. दलितों और वंचितों का प्रतिनिधित्व

विकल्प:

a) A-2. ,B-4, C-3, D-1 b)A-3 , B-4, C-2, D-1

c)A-4, B-3, C-1 ,D-2 d) A–1, B–2, C–3, D–4

23. Match the column (A) with column (B and choose the correct option from the following parties with their main ideologies or bases: 1

Column A (Party)	Column B (Ideology / Base)
A. BJP	1. Cultural nationalism and unity of India
B. INC	2. Secularism and welfare of all communities
C. CPI(M)	3. Belief in Marxism and workers' rights
D. BSP	4. Representation of Dalits and oppressed groups

Options:

a) A–2, B–4, C–3, D–1 b) A–3, B–4, C–2, D–1

c) A–4, B–3, C–1, D–2 d) A–1, B–2, C–3, D–4

24. लोकतंत्र के आर्थिक परिणाम का सही वर्णन कौन-सा है?

1

a) लोकतंत्र तानाशाही से अधिक आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करता है

b) लोकतंत्रों में सामान्यतः मध्यम विकास होता है, पर असमानता बनी रहती है

c) लोकतंत्र गरीबी समाप्त कर देता है

d) लोकतंत्र समान आय सुनिश्चित करता है

24.Which of the following best explains the economic outcome of democracy? 1

a) Democracies guarantee higher economic growth than dictatorships

b) Democracies generally have moderate growth but with economic inequalities

c) Democracies always eliminate poverty

d) Democracies ensure equal income for all

25. “संघवाद (Federalism) विविधता में एकता को बढ़ावा देता है।” इस कथन की उपयुक्त उदाहरणों सहित व्याख्या
कीजिए।

2

25. "Federalism leads to unity in diversity.” Explain this statement with suitable examples. 2

26. लोकतंत्र में शक्ति-साझेदारी (Power Sharing) क्यों वांछनीय है? समझाइए कि यह सामाजिक संघर्षों को कैसे रोकती है और देश की एकता को कैसे सशक्त बनाती है। 3

26.Why is power sharing desirable in a democracy? Explain how it helps to prevent social conflicts and strengthen unity in a country. 3

27. (a) आज भारत में राजनीतिक दलों को किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है? ऐसे सुधार सुझाइए जिनसे राजनीतिक दल अपनी भूमिका बेहतर ढंग से निभा सकें। 5

अथवा

(b) राजनीतिक दल सरकार को उत्तरदायी बनाने और जनमत निर्माण में कैसी भूमिका निभाते हैं? एक उदाहरण दीजिए जहाँ किसी राजनीतिक दल ने जनमत बनाकर सरकार को जवाबदेह बनाया । 5

27.(a)Discuss the various challenges faced by political parties in India today. Suggest some reforms to strengthen political parties so that they perform their functions well. 5

OR

(b)Evaluate the role of political parties in shaping public opinion and promoting accountability in government. Give one example where a political party shaping public opinion and held the government accountable. 5

(गद्यांश / स्रोत-आधारित प्रश्न) (Case Study/ Source Based Questions)

28. नीचे दिए गए स्रोत को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(लोकतंत्र के परिणाम)

लोकतंत्र एक ऐसी शासन-व्यवस्था है जिसमें जनता अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करती है और नीति-निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। यह अन्य शासन-प्रणालियों से बेहतर माना जाता है क्योंकि यह समानता, गरिमा और स्वतंत्रता

को प्रोत्साहन देता है। लोकतांत्रिक सरकार जनता के प्रति उत्तरदायी होती है — उसे अपने कार्यों का स्पष्टीकरण देना पड़ता है और उसे चुनावों के माध्यम से बदला जा सकता है। यह उत्तरदायित्व के साथ-साथ जन-संवेदनशीलता (Responsiveness) भी प्रदर्शित करती है, यानी यह नागरिकों की आवश्यकताओं और माँगों को पूरा करने का प्रयास करती है।लोकतंत्र की एक और विशेषता यह है कि इसका अधिकार जनता की सहमति पर आधारित होने से इसे वैधता (Legitimacy) प्राप्त होती है।हालाँकि लोकतंत्र में निर्णय-प्रक्रिया अन्य शासन-प्रणालियों की तुलना में धीमी हो सकती है क्योंकि इसमें परामर्श और बहस आवश्यक होते हैं, पर ऐसे निर्णय अधिक प्रभावी और स्वीकार्य होते हैं।लोकतंत्र आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय और राजनीतिक समानता के लिए प्रयत्नशील रहता है। यह गरीबी और असमानता कम करने का प्रयास करता है, यद्यपि परिणाम देश-दर-देश भिन्न हो सकते हैं। सामाजिक रूप से यह समानता और स्वतंत्रता का अधिकार सुनिश्चित करता है और विविध समूहों का सम्मान करता है। राजनीतिक रूप से यह नागरिकों को अभिव्यक्ति, आलोचना और शासन में भागीदारी का अधिकार देता है।इस प्रकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति लोगों की भागीदारी और सामाजिक-राजनीतिक कल्याण को बढ़ावा देने में निहित है।

प्रश्न:

28.1 जब हम कहते हैं कि लोकतंत्र जनता के प्रति “उत्तरदायी” है, तो इसका क्या अर्थ है? (1 अंक)

28.2 लोकतंत्र में निर्णय-प्रक्रिया अन्य शासन-प्रणालियों की तुलना में कभी-कभी धीमी क्यों होती है? (1 अंक)

28.3 लोकतंत्र को अन्य शासन-प्रणालियों से बेहतर क्यो माना जाताहै| (2 अंक)

28. **Read the following source and answer the questions that follow :**

Outcomes of Democracy

Democracy is a system of government where people have the power to elect their representatives and influence decision-making. It is considered better than other forms of government because it promotes equality, dignity, and freedom. A democratic government is accountable to the people—it must explain its actions and can be changed through elections. It is also responsive, meaning it tries to fulfill the needs and demands of citizens. Moreover, democracy provides legitimacy because its authority is based on the consent of the governed.

However, democracy does not guarantee quick or perfect decisions. Since it involves consultation and debate, decision-making can be slow, but it is more likely to be effective and acceptable to the people. In terms of outcomes, democracy aims for economic development, social justice, and political equality. It tries to reduce poverty and inequality, though results vary from one country to another. Socially, it upholds the right to equality and freedom, ensuring respect for diverse groups. Politically, it gives citizens the right to express opinions, criticize the government, and participate in governance. Thus, democracy’s strength lies in ensuring people’s participation and promoting both political and social well-being.

28.1 What does it mean when we say democracy is “accountable” to the people? 1

28.2 Why is decision-making in a democracy sometimes slower than in other forms of government? 1

28.3 Why democracy considered better than other forms of government ? 2

SECTION –D

Sr. No. **ECONOMICS (20 Marks)** **Marks**

29. निम्नलिखित में से कौन-सा बहुराष्ट्रीय कंपनी (MNC) की विशेषता नहीं है? 1

a) यह एक से अधिक देशों में उत्पादन का स्वामित्व या नियंत्रण रखती है।
b) यह कई देशों में पूंजी निवेश करती है।
c) यह केवल स्थानीय बाज़ारों के लिए वस्तुओं का उत्पादन करती है।
d) यह वैश्विक स्तर पर अधिकतम लाभ कमाने का प्रयास करती है।

29.Which of the following is not a features of multinational corporation(MNC) ? 1

a) It owns or controls production in more then one country
b) It invests capital in multiple Nation
c)It produces goods for only local markets
d)It seeks to maximize profits globally.

30. देशों के बीच विकास की तुलना हेतु प्रति व्यक्ति आय (Per Capita Income) का प्रयोग क्यों किया जाता है? 1

a) यह आय वितरण बताता है
b) यह प्रत्येक व्यक्ति की औसत आय बताता है, जिससे तुलना सरल होती है
c) यह केवल सरकार की आय बताता है
d) इसका आर्थिक कल्याण से कोई संबंध नहीं

30.Why is per capita income used as an indicator for comparing development among countries? 1

a) It tells about income distribution among people
b) It reflects the average income per person and helps comparison
c) It shows total income of the government only
d) It is unrelated to economic welfare

31. रवि और उसके दो भाई अपनी छोटी सी ज़मीन पर काम करते हैं। अगर उनमें से एक भी काम करना बंद कर दे, तो भी कुल उत्पादन वही रहता है। यह किस प्रकार की बेरोज़गारी है? 1

a) मौसमी बेरोज़गारी
b) संरचनात्मक बेरोज़गारी
c) प्रच्छन्न बेरोज़गारी
d) चक्रीय बेरोज़गारी

31. Ravi and his two brothers work on their small piece of farmland. Even if one of them stops working, the total output remains the same.Which type of unemployment is this?

1

a) Seasonal unemployment
b) Structural unemployment
c) Disguised unemployment
d) Cyclical unemployment

32. एक व्यापारी महाजन से 1,00,000 रुपये पाँच प्रतिशत प्रति माह ब्याज पर उधार लेता है, जबकि दूसरा व्यापारी बैंक से 1,00,000 रुपये दस प्रतिशत प्रति वर्ष पर लेता है। यह किस स्थिति को दर्शाता है? 1

a) औपचारिक ऋण महँगा है
b) अनौपचारिक ऋण महँगा होता है और ऋण-जाल का कारण बनता है
c) दोनों समान हैं
d) ऋण से गरीबी पर असर नहीं पड़ता

32. A trader borrows Rs. 1,00,000 from a moneylender at 5% per month. Another trader borrows Rs. 1,00,000 from a bank at 10% per year. 1

What does this situation best illustrate?

a) Formal credit is more expensive than informal b) Informal credit is costlier and can lead to debt traps

c) Both are equally beneficial d) Borrowing does not affect poverty

33. स्थानीय उत्पादकों को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाने का उचित उपाय कौन-सा है? 1

a) विदेशी व्यापार पर पूर्ण प्रतिबंध b) उपभोक्ता माँग की उपेक्षा

c) सभी वस्तुओं पर आयात शुल्क बढ़ाना और घरेलू उत्पादन की गुणवत्ता सुधारना d) उचित व्यापार नीतियाँ लागू करना

33.Which of the following is the most appropriate measure to protect local producers from unfair competition? 1

a) Banning all foreign trade

b) Ignoring consumer demand

c) Increasing import tariffs on all goods

d) Implementing fair trade policies and improving domestic production quality

34. भारत सरकार ने 1991 में उदारीकरण (Liberalisation) नीति क्यों अपनाई? 1

a) वैश्विक बाजार पर निर्भरता घटाने हेतु

b) विदेशी व्यापार पर प्रतिबंध हटाने और निवेश आकर्षित करने हेतु

c) उद्योगों पर सरकारी नियंत्रण बढ़ाने हेतु

d) निजी क्षेत्र की भागीदारी घटाने हेतु

34.The Indian government adopted the policy of liberalisation in 1991 primarily to —. 1

a) Reduce economic dependency on global markets

b) Remove barriers on foreign trade and attract investment

c) Increase government control over industries

d) Reduce private sector participation

35. 'गिरवी' (Collateral) से आप क्या समझते हैं? बैंक ऋण देते समय इसे क्यों माँगते हैं? 2

35. What is meant by collateral? Why do banks ask for it while giving loans? 2

36. (a) स्पष्ट कीजिए कि प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र एक-दूसरे पर कैसे निर्भर हैं। अपने उत्तर को दैनिक जीवन या उत्पादन गतिविधियों के उदाहरणों सहित समर्थित कीजिए। 3

अथवा

(b) मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) क्या है? इसके मुख्य प्रावधान बताइए तथा यह ग्रामीण भारत में बेरोजगारी और गरीबी कम करने में कैसे सहायक है, समझाइए। 3

36. (a) Explain how the primary, secondary, and tertiary sectors are interdependent on each other. Support your answer with examples from daily life or production activities. 3

OR

(b)What is MNREGA (Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act)? Explain its main features and how it helps to reduce unemployment and poverty in rural India. 3

37. (a) भारतीय रिजर्व बैंक किस तरह से बैंकों के कामकाज की निगरानी करता है? यह क्यों जरुरी है? 5 अथवा

(b) देश के विकास के लिए सस्ता और वहनीय ऋण क्यों महत्वपूर्ण है? किन्हीं पाँच कारणों के साथ व्याख्या कीजिए। 5

37. (a) In what ways does the Reserve Bank of India supervise the functioning of banks? Why is this necessary? 5

OR

(b) Why is cheap and affordable credit important for the country's development? Explain with any five reasons. 5

(गद्यांश / स्रोत-आधारित प्रश्न) (Case Study/ Source Based Questions)

38. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(वैश्वीकरण – लाभ और हानियाँ)

वैश्वीकरण देशों के बीच तेज़ एकीकरण या परस्पर संबंधों की प्रक्रिया है, जिसमें वस्तुएँ, सेवाएँ, विचार और लोग सीमाओं के पार विनिमय करते हैं। भारत में 1991 के बाद जब सरकार ने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण (LPG) की नीति अपनाई, तब यह प्रक्रिया तेज़ हुई। इससे विदेशी कंपनियों के लिए भारतीय बाज़ार खुले और व्यापार अवरोध घटे। परिणामस्वरूप अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों (MNCs) ने भारत में निवेश किया, कारखाने स्थापित किए और सेवाओं का आउटसोर्सिंग शुरू किया। भारतीय अर्थव्यवस्था को नई नौकरियाँ, उन्नत तकनीक और निर्यात में वृद्धि का लाभ मिला — विशेषकर सूचना-प्रौद्योगिकी और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में। वैश्वीकरण ने विश्व को एक-दूसरे से जुड़े आर्थिक तंत्र में बदल दिया है, जहाँ वस्तुएँ, सेवाएँ, विचार और तकनीकें मुक्त रूप से प्रवाहित होती हैं। भारत के लिए वैश्वीकरण ने बड़े अवसर खोले — विदेशी निवेश बढ़ा, नई तकनीकें आईं, उपभोक्ताओं को सस्ते और विविध उत्पाद मिले। परंतु इसके कुछ नकारात्मक प्रभाव भी हैं — छोटे उद्योग बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों से प्रतिस्पर्धा में पिछड़ते हैं और किसानों को अंतरराष्ट्रीय मूल्य-उतार-चढ़ाव से कठिनाइयाँ झेलनी पड़ती हैं।

प्रश्न:

38.1 वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं? (1 अंक)

38.2 बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ (MNCs) भारत में निवेश करना क्यों पसंद करती हैं? (2 अंक)

38.3 वैश्वीकरण का लघु-स्तरीय उद्योगों पर क्या प्रभाव पड़ा है? (1 अंक)

38. **Read the following source and answer the questions that follow :**

Globalisation – Advantages and Disadvantages


Globalisation refers to the process of rapid integration or interconnection between countries through the exchange of goods, services, ideas and people. In India, globalisation accelerated after 1991 when the government adopted the policy of liberalisation, privatisation and globalisation (LPG). This opened the Indian market to foreign companies and reduced trade barriers. As a result, many multinational corporations (MNCs) started investing in India, setting up factories, and outsourcing services. The Indian economy benefited through new jobs, advanced technology and increased exports, particularly in the IT and automobile sectors.

Globalisation has transformed the world into a closely connected economic system where goods, services, ideas and technologies move freely across borders. For India, globalisation brought major advantages. It opened the doors for foreign investment and multinational companies, creating new job opportunities and encouraging the use of advanced technologies. Indian industries such as information technology, automobiles, and telecommunications have grown rapidly because of global trade links. Consumers now enjoy a wider variety of products at competitive prices. However, globalisation also has some disadvantages. Small-scale industries often struggle to survive against powerful multinational companies that can produce goods at lower costs. Farmers face challenges due to fluctuating international prices of agricultural products.

38.1 What do you know by Globalisation? 1

38.2 Why do many Multinational companies (MNC) prefer to invest in India ? 2

38.3 How has globalisation affected small-scale industries? 1


INDIA
OUTLINE MAP WITH STATES
& UNION TERRITORIES
B
A
Map not to Scale
Copyright © 2020 www.mapsofindia.com